महत्वपूर्ण एवं खास

लोकसभा में इस बार नये चेहरों को ज्यादा मिलेगा मौका-भूपेश बघेल

रायपुर (आरएनएस)। लोकसभा सीटों पर इस बार ज्यादातर नये चेहरों को मौका दिया जाएगा। नामों को लेकर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। हालांकि नाम पर अंतिम निर्णय हाईकमान करेगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिल्ली प्रवास से वापस लौटने के बाद यहां कहीं।

सीधी भर्ती व शैक्षणिक संस्थानों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए अब 10 प्रतिशत आरक्षण

रायपुर (आरएनएस)। सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन द्वारा 103 वे संविधान संशोधन के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में सीधी भर्ती के पदों में तथा शैक्षणिक संस्थाओ में प्रवेश में आर्थिक रुप से कमजोर वर्गो के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करने, जनगणना वर्ष 2011 की जनसंख्या के आधार पर राज्य में आरक्षित वर्ग के लिये प्रचलित आरक्षण प्रतिशत को संशोधित करने और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान एवं परीक्षण करने के लिए समिति गठित की गयी है। जिसमें प्रमुख सचिव सामान्य प्रशासन विभाग को सदस्य सचिव नियुक्त किया गया हैं। इसी प्रकार समिति में प्रमुख सचिव विधि और विधायी कार्य विभाग, सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, सचिव आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग एवं सचिव समाज कल्याण विभाग को सदस्य नियुक्त किया गया हैं। सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव ने अपने आदेश में समिति को अपना प्रतिवेदन शीघ्र देने को कहा है।

सीएम की केन्द्र सरकार से मांग : अजा-अजजा छात्रों के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति सीमा बढ़ाएं या सीमा समाप्त करें

सीएम ने केन्द्रीय मंत्री को लिखा पत्र

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार से अनुसूचित जाति और जनजातियों के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति लिए निर्धारित ढाई लाख रुपये की सीमा को बढ़ाने या सीमा को समाप्त करने की मांग की है।

झोपड़ी में लगी आग, 3 जिंदा जले, मौत

सिद्धार्थ चौक स्थित स्वीपर कालोनी की घटना

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के टिकरापारा इलाके में सिद्धार्थ चौक स्थित स्वीपर कॉलोनी में एक झोपड़ी में आज तड़के अचानक आग लग गई, जिससे झोपड़ी सहित उसमें सो रहे 3 लोग बुरी तरह से झुलस गए। इससे उन तीनों की मौत हो गई। इस घटना के बाद स्वीपर कालोनी में मातम छाया हुआ है।

शासकीय कर्मियों को अब 09 प्रतिशत डीए

पुलिस कर्मियों को मिलेगा साप्ताहिक अवकाश

रायपुर (आरएनएस)। राज्य के शासकीय कर्मचारियों को अगले माह से 5 प्रतिशत के स्थान पर 09 प्रतिशत डीए मिलेगा, इसके अलावा पेंशनर्स को भी 9 प्रतिशत के हिसाब से डीए दिया जाएगा।

नक्सली विस्फोट में एक जवान घायल

मौके से एक आईईडी बरामद

जगदलपुर (आरएनएस)। बीजापुर जिला मुख्यालय से 23 किमी दूर गंगालूर थाना क्षेत्र के बुरजी कैम्प के समीप कल देर शाम हुए बारूदी सुरंग विस्फोट में एक जवान दिलीप कुमार मिंज मामूली रूप से जख्मी हो गया। मौके से एक जीवित आईईडी भी बरामद की गयी है।

बिलासपुर लोकसभा सीट जीतने 25 साल से तरस रही कांग्रेस

भाजपा के लिए अभेद गढ़ तो कांग्रेस के लिए चुनौती, इस बार फिर होगी जोर आजमाइश

बिलासपुर (आरएनएस)। बिलासपुर लोकसभा सीट भाजपा के लिए जहां अभेद गढ़ साबित हो रही है वहीं कांग्रेस के लिए यह चुनौती बनती जा रही है। बीते 25 वर्षों से इस सीट को अपने कब्जे में करने कांग्रेस जोर आजमाइश कर रही है। पर हर बार असफलता ही हाथ लगती है। चुनाव-दर-चुनाव हार का अंतर और बढ़ते जा रहा है। विधानसभा चुनाव में जिस तरह सत्ता परिवर्तन का जोर चला और बदलाव का राजनीतिक मुद्दा हावी रहा । बदलाव के इसी कश्ती पर सवार होकर कांग्रेसी इस बार जीत की गुंजाइश भी देखने लगे हैं।

चुनाव वर्ष 1951 से लेकर वर्ष

2014 के चुनाव परिणाम पर गौर करें तो यहां प्रत्याशी की छवि को मतदाताओं ने बहुत ज्यादा तवज्जो नहीं दिया है। परंपरागत मतदाताओं के साथ स्वींग वोटरों की सहभागिता हमेशा से ही इस सीट पर दिखाई देती रही है। बिलासपुर लोकसभा सीट से जिन लोगों ने प्रतिनिधित्व किया है उनमें दो या तीन नामचीन चेहरों को अपवाद स्वरूप छोड़ दें तो उम्मीदवार के बजाय मतदाताओं ने पार्टी के प्रतिबद्धता के चलते प्रत्याशियों को जीताकर दिल्ली भेजते रहे हैं। वर्ष 2014 का लोकसभा चुनाव इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।

भाजपा ने लखनलाल साहू को अपना उम्मीदवार बनाया था। कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्व.अटलबिहारी वाजपेयी की भतीजी करुणा शुक्ला को चुनाव मैदान में उतारा था। तब करुणा भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता व उपाध्यक्ष पद छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुई थीं। लखनलाल के सामने वह न केवल बड़ा नाम था साथ ही एक बड़ा चेहरा भी । मोदी लहर में करुणा जैसे दिग्गज नेत्री भी धराशायी हो गईं। एक लाख 76 हजार वोटों के अंतर से चुनाव हार गईं।

मोदी लहर में मतदाताओं व्यक्ति की छवि की बजाय पार्टी को तवज्जो दिया और भाजपा के बेनाम चेहरे को जीताकर संसद भेज दिया । वर्ष 1951 से 1991 तक इस सीट से अलग-अलग पार्टी के सांसदों ने लोकसभा में प्रतिनिधित्व किया। मसलन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस,भारतीय लोकदल,इंदिरा कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशी चुनाव जीतकर संसद पहुंचते रहे हैं।

ट्रक ने स्कूल बस को मारी टक्कर, 3 बच्चे घायल

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर जिले के धरसींवा थाना क्षेत्र के चरोदा-मोहंदी मार्ग पर आज दोपहर में एक ट्रक ने स्कूल बस को टक्कर मार दी, जिससे उसमें सवार 3 बच्चों को चोटें आई है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार धरसींवा के रेडियेंट स्मार्ट पब्लिक स्कूल की बस क्रमांक सीजी 04-0548 का चालक स्कूल की छुट्टी होने के बाद बस में सवार बच्चों को छोड़ने ग्राम मोहंदी जा रहा थी तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक क्रमांकसीजी13-5711 के चालक ने ओवरटेक करते हुए स्कूली बस को टक्कर मार दी।

जिले में 326168 बच्चों को पोलियों की दवा पिलाई जायेगी 10 को

छूटे बच्चों को 11 को पिलाई जायेगी दवा

रायपुर (आरएनएस)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस के अवसर पर प्रदेश में 10 एवं 11 मार्च को पोलियो पल्स की दवा पिलाई जायेगी। उक्त अभियान के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन के लिए रायपुर जिले में 1204 टीकाकरण्ण बूथ बनाये गये है। कार्यक्रम के पर्यवेक्षण के लिए 319 पर्यवेक्षक नियुक्त किये गये है। 107 मोबाइल टीम दो दिवसीय कार्यक्रम के संचालन के लिए सक्रिय रहेगी। उक्ताशय की जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायपुर डॉ. के.आर. सोनवानी, राज्य नोडल अधिकारी डॉ. अमर सिंह ठाकुर एवं डॉ. आर.के चंद्रवंशी ने संयुक्त रुप से दी। पत्रकारवार्ता में डॉ. सोनवानी ने

बताया कि रायपुर शहरी क्षेत्र के अंतर्गत 147418 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 439 टीकाकरण बूथ बनाये गये है एवं 44 मोबाइल टीम बनाई गई है। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, बीएससी नर्सिंग के विद्यार्थी, जीएनएम नर्सिंग एवं एमएसयू के कार्यकर्ताओं को स्वयंसेवी संगठनों के साथ किसी भी दशा में 0 से 5 वर्ष तक बच्चों को हर हाल में दवा पिलाने के निर्देश दिये गये है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता सहित समस्त सदस्य रविवार को सुबह 7 से 5 बजे तक टीकाकरण बूथों में आने वाले बच्चों को पोलियो पल्स की दवा पिलायेंगे।

5 लाख रुपए की इनामी महिला नक्सली रेखा मंडावी ने किया सरेंडर

भारी मात्रा में हथियार और सामग्री बरामद

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ के दुर्ग रेंज के आईजी हिमांशु गुप्ता और डीआईजी रतन लाल डांगी के समक्ष शनिवार को नागपुर में रहकर शहरों में काम करने वाली 5 लाख रुपए की इनामी महिला नक्सली सरिता उर्फ सुशीला उर्फ रेखा मंडावी ने सरेंडर किया। यह महिला एमएमसी जोन इंचार्ज दीपक उर्फमिलिन्द तेलतुम्बड़े के नेतृत्व में काम करती थी। आईजी ने महिला को 10 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि सौंपी।

शहरी नेटवर्क के लिए करती थी काम

पुलिस के अनुसार सरिता छत्तीसगढ़ सरकार की आत्मसमर्पण एंव पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर वापिस मुख्य

धारा में जुडना़ चाहती है। सरिता 2011 से नक्सल संगठन में शामिल होकर काम कर रही थी। 8 बड़ी नक्सल वारदातों में शामिल रह चुकी है। सरेंडर नक्सली ने ज्यादातर वक्त नागपुर शहर में नक्सलियों के नेटवर्क को मजबूत करते हुए बीताया है। वहीं जंगलों में मूवमेंट के दौरान सरिता अपने साथ कार्बाइन राइफल रखती थी।

गातापार थाना क्षेत्र के भावे के जंगल से पुलिस ने शनिवार को बड़ी मात्रा में नक्सलियों का डम्प बरामद किया है। आत्मसमर्पित नक्सली कुमारसाय और पहाड़ सिंह की निशानदेही पर भावे जंगल से 500-500 लीटर के सिंटेक्स टैंक में छुपाकर रखे गए 10 किलो के 7 कूकर, पांच किलो के आठ कूकर, 15 किलो का स्टील डिब्बा, वॉकी टॉकी, रिकॉर्डर, रिमोट बनाने का किट शामिल है।

बरामद सामान में बैटरी, इलेक्ट्रिक वायर, नक्सली वर्दी, सिविल कपड़ा, राशन के समान सहित बड़ी संख्या में सामान बरामद किया है। डीआईजी रतन लाल डांगी ने सर्चिंग पर निकले जवानों को बधाई देते हुए इसे नक्सली मोर्चे पर बड़ी कामयाबी बताया है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में नक्सल गतिविधियों को देखते हुए आगे भी गहन सर्चिंग अभियान चलाया गया।

विक्रम उसेंडी बने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

रायपुर (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने सांसद विक्रम उसेंडी को छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा का

अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। विक्रम उसेंडी के पहले धरमलाल कौशिक भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष की कमान संभाले हुए थे। श्री कौशिक के विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने के बाद नए प्रदेश अध्यक्ष को लेकर कवायद शुरू हो चुकी थी। भाजपा के कई प्रदेश नेताओं के नाम अध्यक्ष के लिए चर्चाओं में थे।

जवान शहीद हो रहे हैं और सरकार नहीं दे रही माकूल जवाब

हरिद्वार (आरएनएस)। युवा कांग्रेस हरिद्वार विधानसभा ने कनखल में केंद्र सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने राफेल विमान घोटाले की फाइलें गायब कराने में रक्षा मंत्रालय की असंवेदनशीलता और प्रधानमंत्री लापरवाह भूमिका के विरुद्ध नारेबाजी की और प्रधानमंत्री का पुतला फूंककर आक्रोश जताया। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री से नैतिकता के आधार पर त्यागपत्र देने की मांग की।शहर अध्यक्ष नितिन तेश्वर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेजों की सुरक्षा करने में विफल साबित हो चुके हैं। रक्षा मंत्रालय से राफेल विमान खरीद घोटाले की फाइलें गायब होने से साबित हो चुका है कि देश की सुरक्षा और देश की बागडौर कैसे व्यक्ति के हाथों में है। विशाल खैरवाल, शिवम गिरि, शुभम अग्रवाल, शैलेंद्र सिंह, नावेज अंसारी ने कहा कि पुलवामा हमले को लेकर देशवासी सरकार के साथ खड़े हैं।

पत्नी से अप्राकृतिक संभोग, पति को 20 वर्ष का कारावास

महिला दिवस के दिन फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दिया ऐतिहासिक फैसला

जगदलपुर (आरएनएस)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को अपर सत्र न्यायालय (फास्ट ट्रैक) द्वारा एक मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाया गया है। दरअसल, इस मामले में आरोपी के विरुद्ध लगे सभी धाराओं में उसे दोषी पाते हुए न्यायाधीश कु. सुनीता साहू ने 20 वर्ष की सजा सुनाई है।

क्या है मामला

स्थानीय मेटगुडा में विगत 11 दिसम्बर 2017 में आरोपी गोरख नाथ शर्मा (40) ने अपनी पत्नी (अनीता शर्मा, बदला हुआ नाम) के साथ अप्राकृतिक संभोग किया था, जिसके बाद अनीता को उसकी छोटी बहन द्वारा स्थानीय महारानी अस्पताल ले जाया गया। अत्यधिक रक्तस्त्राव होने के कारण अगले तकरीबन डेढ़ घंटे बाद उसकी दर्दनाक मृत्यु हो गयी थी। मामले में तत्काल कार्यपालिक

मजिस्ट्रेट को बुलाकर पीड़िता का मृत्युकालिक कथन भी लिया गया था। इधर मृत्युपरांत पीएम में भी इस बात का स्पष्ट उल्लेख हुआ था की उक्त मृतिका के साथ अपराध हुआ था। घटना के बाद पुलिस ने विवेचना शुरू की और तत्कालीन विवेचक अर्चना धुरंधर ने मामले की संजीदगी को देखते हुए जांच शुरू की, जिसमें मृतिका के पति गोरख नाथ को दोषी पाया और उसके विरुद्ध धारा 376 (बलात्कार), 377 (अप्राकृतिक संभोग) और 304 (गैर इरादतन हत्या) का मामला बोधघाट थाने में पंजीबद्ध किया गया और आरोपी की गिरफ्तारी हुई।

न्यायालय में लगभग दो वर्ष तक विचाराधीन इस मामले में सभी निजी गवाह मुकर चुके थे, बावजूद समस्त अन्य गवाहों (पुलिस, विवेचक, पीएमकर्ता डॉक्टर, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट व मृतिका की बहन) के बयानों के आधार पर ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए न्यायाधीश कु. सुनीता साहू ने आरोपी को समस्त धाराओं में दोषी पाते हुए 20 वर्ष की सजा दी।

शराबबंदी वाले राज्यों में अध्ययन के लिए समिति बनी

रायपुर (आरएनएस)। राज्य शासन द्वारा एक जनवरी को मंत्री परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार सचिव वाणिज्यिक कर आबकारी विभाग की अध्यक्षता में राज्य में पूर्ण शराबबंदी लागू किये जाने के सम्बन्ध में एक समिति गठित की गई है । यह समिति ऐसे राज्य जहां पूर्व में शराबबंदी लागू की गई की गई थी या वर्तमान में पूर्ण शराबबंदी लागू है, वहां शराबबंदी के फलस्वरुप ऐसे राज्य में आए आर्थिक, सामाजिक एवं व्यावहारिक परिवर्तनों का अध्ययन करेगी।

इस समिति में सदस्य के रूप में विषय विशेषज्ञ पीके शुक्ला, जशपुर जिले के बब्रू वाहन सामाजिक कार्यकर्ता पदमश्री सम्मान से सम्मानित श्रीमती शमशाद बेगम, नशा मुक्ति अभियान से जुड़े मनीष शर्मा, अजय कुमार तथा अमितेष कुमार सिंह ए.एच.आर.सी नई दिल्ली के सेवानिवृत्त संचालक डॉ जे.पी. मिश्रा, रायपुर के डॉ भीमराव अंबेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. विवेक चौधरी, सेवानिवृत्त वाणिज्यिक कर अधिकारी जगदलपुर सोनाराम शोरी और आबकारी विभाग के संयुक्त सचिव चंद्रकांत उइके को सदस्य सचिव शामिल किया गया है।

बार-बार डकार आना कई बीमारियों का है संकेत

डकार आना एक साधारण क्रिया है, जो किसी भी समय आ सकती है। आमतौर पर ऐसा माना जाता है कि डकार भोजन पच जाने का संकेत है। लेकिन वास्तविकता में ऐसा नहीं है। खाना खाते समय या उसके बाद बार-बार डकार लेने का मतलब है कि खाने के साथ ज्यादा मात्रा में हवा शरीर के अंदर चली गई है। जब हवा अंदर जाती है तो बाहर भी निकलती है, जिसे हम डकार कहते हैं। यह पेट से गैस के बाहर निकलने का एक प्राकृतिक तरीका है और अगर पेट से हवा बाहर न निकले तो यह पेट से संबंधित कई समस्याओं को जन्म दे सकती है। लेकिन अगर डकार ज्यादा आए तो ये कई बार कुछ बीमारियों का संकेत भी हो सकता है।

डाइजेशन का संतुलन बिगड़ने पर आती है डकार

डॉ. अभिषेक पांडेय की मानें तो पाचन खराब होने से कब्ज या बदहजमी की प्रॉब्लम हो जाती है। डाइजेशन में मदद करने वाले कुछ बैक्टीरिया पेट में मौजूद होते हैं। इनका संतुलन बिगड़ने पर भी गैस बनती है और डकार आती है। बार-बार डकार आने से एसिड रिफ्लक्स, एसिडिटी और कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं।

इरिटेबल बाउल सिंड्रोम

इस बीमारी में रोगी को कब्ज, पेट दर्द, मरोड़ व दस्त आदि हो सकते हैं।

रणबीर कपूर का जवाब सुन हैरान रह गईं आलिया भट्ट

रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की अपकमिंग फिल्म ब्रह्मास्त्र का लोगो रिलीज कर दिया गया है। कुंभ मेले के आखिरी दिन फिल्म के लीड स्टार्स के साथ डायरेक्टर अयान मुखर्जी प्रयागराज पहुंचे। मेले जाने के दौरान आलिया ने रणबीर और अयान से कुछ सवाल पूछे और इन्हें इंस्टाग्राम स्टोरीज पर शेयर किया। इस दौरान ऐक्टर ने कुछ जवाब ऐसे दिए जो आलिया को बिल्कुल भी पसंद नहीं आए।

आलिया ने सबसे पहले रणबीर से सवाल किया कि वह उनकी फटॉग्रफी स्किल्स के बारे में क्या सोचते हैं? इस पर रणबीर ने कहा कि, बहुत बेकार। एक फटॉग्रफर को उस चीज से प्यार होना चाहिए जिसकी वह तस्वीर ले रहा है और

तुम्हें सिर्फ खुद से प्यार है।

यह जवाब सुन आलिया हैरान रह जाती हैं। उन्हें रणबीर की कही बात अच्छी नहीं लगती और वह उन्हें मतलबी बताते हुए अयान मुखर्जी से कहती हैं कि वह रणबीर के मीन कॉमेंट के बारे में क्या सोचते हैं? इस पर ऐक्ट्रेस को अयान से भी बड़ा ही नपातुला सा जवाब मिलता है। वह कहते हैं कि मुझे नहीं पता कि रणबीर पीछे सीट पर बैठकर यूं मतलबी की तरह बर्ताव कर रहे हैं। दूसरी ओर मैं तो बहुत एक्साइटिड फील कर रहा हूं।

वैसे आलिया की नाराजगी का रणबीर पर कोई असर होता नहीं दिखा। ऐक्ट्रेस ने जब कहा कि चेहरे पर पड़ती रोशनी के कारण वह विडियो में अच्छे लग रहे हैं तो रणबीर ने तपाक से जवाब देते हुए जताया कि वह आलिया के कारण नहीं बल्कि रोशनी के कारण कैमरे में अच्छे आ रहे हैं। बता दें कि, फिल्म ब्रह्मास्त्र इस साल दिसंबर के महीने में सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। इस सुपरहीरो फिल्म में रणबीर और आलिया के साथ ही मौनी रॉय और अमिताभ बच्चन भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

मूर्खता के दम पर बॉलिवुड में लंबे समय तक टिका जा सकता है: इमरान हाशमी

बॉलिवुड में कभी सीरियल किसर के टैग से जाने जाने वाले ऐक्टर इमरान हाशमी शंघाई, घनचक्कर, एक थी डायन जैसी फिल्मों से अपनी इमेज बदल चुके हैं। उन्हें लगता है कि इस इंडस्ट्री में मूर्खता के दम पर लंबे समय तक टिका जा सकता है। इमरान ने कहा कि मूर्खों से भरे बॉलिवुड में कुछ ही निर्माता हैं जो अलग करने से नहीं डरते ऐसे में ऐक्टर्स के लिए समझदार बनना मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब कि अब कम से कम कुछ लोग हैं जो लीक से हटकर कुछ

नया करने की कोशिश कर रहे हैं, जैसा कि पहले नहीं था। इमरान ने कहा कि बॉलिवुड में समझदार अभिनेता होना मुश्किल है। यहां मूर्खता के दम पर लंबे समय तक टिका जा सकता है। दर्शक समझदार हैं लेकिन ऐसे निर्माता और निर्देशक ज्यादा नहीं है जो जोखिम उठाते या इसे समझते हैं। लेकिन अब कम से कम युवा पीढ़ी नए विषय के साथ आ रही है।